# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION

**First Term Examination - 2018**

**Class : 8**

**SUB : Hindi Grammar** | **F.M.80**

**DURATION: 2 Hrs30Mins** | **DATE:24.04.2018**

*नोट: कार्य स्वच्छता तथा व्यवस्थित रूप से किया जाना चाहिए ।अशुद्धियों के अंक काट लिए जायेंगे ।*

## *GROUP-A (15)*

**1. वैकल्पिक प्रश्न:-** (1x5=5)

क. लिंग, वचन, कारक, काल आदि के कारण बदलने वाले शब्द ______कहलाते हैं |

(i)अविकारी (ii)विकारी (iii)योगरूढ़ (iv)अयोगवाह

**ख. 'रात'** शब्द ______है | (i)रूढ़ (ii)यौगिक (iii)योगरूढ़ (iv)तत्सम

**ग. 'अपरिचित'** शब्द में ______उपसर्ग है | (i)अप (ii)अ (iii)अपरि (iv)कोई नहीं

**घ. 'अयोगवाह'** शब्द क्या है? (i)स्वर (ii)व्यंजन (iii)स्पर्श (iv)कोई नहीं

**ड. 'लालसा'** शब्द 'इच्छा' शब्द का _______है | (i)विलोम (ii)पर्यायवाची (iii)तत्सम (iv)समानाभासी

**2. निर्देशानुसार उत्तर दो:-** (1x10=10)

क. दूसरों का अपमान करके हमें _____ नहीं मिल सकता। (रेखांकित का विलोम)

ख. शरण में आये हुए की सदा रक्षा करनी चाहिए | (रेखांकित के लिए एक शब्द)

ग. मित्र को दुखी देख कर मेरे _____ निकल आये | ('आँसू' का तत्सम)

घ. पंच, कार्य, कान, सर्प | (तत्भव शब्द छांटिए)

ड. विद्यार्थी, राजकुमार, एकदंत, शिक्षा | (योगरुढ शब्द छांटिए)

च. स्वरों के निश्चित चिह्नों को मात्रा कहते हैं | (सही/गलत)

छ. सबसे छोटी ध्वनि,जिसके टुकड़े नहीं किये जा सकते, उसे _____ कहते हैं | (वर्ण/स्वर))

ज. हिंदी भाषा की लिपि ____ है | (देवनागरी/देवनगरी)

झ. भारत सरकार ने हिंदी को ______ के रूप में मान्यता डी | (राज्यभाषा/राजभाषा)

ञ. अनुस्वार _____ हैं | (ऊष्म/अयोगवाह)

## *GROUP-B (25)*

***1.* निम्नलिखि प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 3-4 वाक्य में दो:-** *(2x5=10)*

प्रश्न क. भाषा क्या है और उसके कितने रूप होते हैं?

प्रश्न ख. पर्यायवाची शब्द क्या होते हैं? उदाहरण सहित लिखो ।

प्रश्न ग. व्यंजनकी परिभाषा उदाहरण सहित लिखो |

प्रश्न घ. उपसर्ग व प्रत्यय में अंतर उदाहरण सहित लिखो |

प्रश्न ड. तत्भव व तत्सम में अंतर उदाहरण सहित लिखो |

2. निम्नलिखि प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 5-6 वाक्य में दो *उत्तर दो:-* *(3x5=15)*

क. वाक्य बनाओ - लिखावट, वार्षिक, सुन्दरता

ख. वर्ण विच्छेद करो - बालक, किताब, मोटा

ग. तत्सम रूप लिखो - दूध, आम, सोना

घ. उपसर्ग व मूल शब्द पृथक करो - सदाचार, स्वदेश, बदनसीब

ड. पर्यायवाची लिखो (दो-दो) - उपवन, आकाश, अग्नि

## GROUP -C

6. अपठित पद्यांश (2x5 =10) | दिये गये प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखे

दुख से कब डरता है किसान ?

है शिशिर कँपा देता शरीर

चुभता- सा है शीतल समीर,

तो भी न कभी होता अधीर ,

वह वसनहीन भी कर देता है शीत - व्यथा का ध्वस्त मान |

i) व्यथा और समीर का अर्थ लिखे |

ii) चुभता- सा है शीतल समीर,

तो भी न कभी होता अधीर ,

इन पंक्तियों का अर्थ लिखे |

iii) दिये गये पद्यांश के आधार पर किसान के स्वभाव की चर्चा कीजिए |

iv) किसान और समीर से वाक्य बनाये |

v) आज के समय में किसान की क्या स्थिति है ?

7. निबंध - लेखन (10) (180 - 200 शब्दों में )

"भारत में सामाजिक , आर्थिक और अवसर के आधार पर एकता स्थापित करना ही हमारा उद्देश्य है | " अपने विचारों को स्पष्ट करते हुए इस विषयपर निबंध लिखे |

अथवा

हम जीवन में अनेक मुश्किलों से गुजरते हैं ,जिनसे हमें कुछ न कुछ सीखने को मिलता है | अपने जीवन की किसी ऐसी घटना के बारे में बताए जिससे आप को भी कुछ सीखने को मिला है |

8. कहानी - लेखन | <u>कहानी का शीर्षक लिखना अनिवार्य है</u> (10)

एक हलवाई दूध में पानी मिलाकर बेचता था .......... धनवान हो गया | .........एक दिन हजार रुपये की थैली लेकर चला ........संबंधी की लड़की का विवाह था .......... प्यास लगी ........ पास में ही एक कुआँ था | बाल्टी और रस्सी रखे थे .........थैली रखकर पानी खीचने लगा .......तभी एक बन्दर थैली लेकर पेड़ पर जा चढ़ा ........हलवाई ने थैली खोलकर एक रुपया कुएँ में और एक रूपया जमीन पर फेकना शुरू कर दिया | हलवाई चिल्लाया ........बन्दर पर कोई असर नहीं .........एक व्यक्ति वहाँ से गुजरा ......वह हलवाई से परिचित था ........कहा–बन्दर तुम्हारें दूध के पैसे ज़मीन पर और पानी के पैसे कुएँ में फ़ेंक रहा है| हलवाई रोता - चीखता ज़मीन पर पड़े रुपयों को उठाकर ..........|

9.चित्र लेखन (10)





Priti Tiwari
26.4.18

# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

**First Term – 2018**

**Sub: Hindi (Gr.)** **Class: 8 A,B,C,D** **F. M: 80**

**Duration: 3 hrs** **सही उत्तर** **Date: 24.4.2018**

***नोट: कार्य स्वच्छता तथा व्यवस्थित रूप से किया जाना चाहिए ।अशुद्धियों के अंक काट लिए जायेंगे ।***

***GROUP-A (15)***

**1. वैकल्पिक प्रश्न:-** **(1x5=5)**

क. (ii) विकारी

**ख.** (i) रूढ़

**ग.** (ii) अ

**घ.** (iv) कोई नहीं

**ड.** (ii) पर्यायवाची

**2. निर्देशानुसार उत्तर दो:-** **(1x10=10)**

क. सम्मान (रेखांकित का विलोम)

ख. शरणागत (रेखांकित के लिए एक शब्द)

ग. अश्रु ('आँसू' का तत्सम)

घ. कान (तत्भव शब्द छांटिए)

ड. एकदंत (योगरुढ शब्द छांटिए)

च. (सही)

छ. (वर्ण)

ज. (देवनागरी)

झ. (राजभाषा)

ञ. (अयोगवाह)

GROUP-B (25)

1. **निम्नलिखि प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 3-4 वाक्य में दो:-** *(2x5=10)*

प्रश्न क. मन, भावों और विचारों को प्रकट करने का साधन| दो रूप-मौखिक, लिखित | (पृष्ठ-106)

प्रश्न ख. अर्थ का बोध करने वाले (पृष्ठ-180)

प्रश्न ग. स्वरों की सहायता से उच्चारित होने वाले वर्ण |जैसे क,ब, ग आदि |

प्रश्न घ. शब्दों के पहले जुड़ने वाले शब्द उपसर्ग (अ‌सत्य) और बाद में जुड़ने वाले शब्द प्रत्यय (असत्यता)

प्रश्न ड. संस्कृत के समान हिंदी में प्रयुक्त होने वाले शब्द तत्सम और संस्कृत से बनने वाले शब्द तद्भव | जैसे- कार्य /काज

**निम्नलिखि प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 5-6 वाक्य में दो *उत्तर दो:-*** *(3x5=15)*

क. वाक्य बनाओ - स्पष्ट है |

ख. वर्ण विच्छेद करो - बालक- ब्+आ+ल्+अ+क्+अ, किताब- क्+इ+त्+आ+ब्+अ, मोटा-म्+ओ+ट्+आ

ग. तत्सम रूप लिखो - दुग्ध, आम्र, स्वर्ण

घ. उपसर्ग व मूल शब्द पृथक करो - सत्+आचार, स्व+देश, बद+नसीब

ड. पर्यायवाची लिखो (दो-दो) उपवन-वन,वाटिका, आकाश-आकाश,गगन, अग्नि-आग,पावक

GROUP -C (40)

6. अपठित पद्यांश (2x5 =10) | दिये गये प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखे

i) व्यथा -दुःख, पीड़ा और समीर - पवन ,वायु

ii) प्रश्न के आधार परलिखे गये उत्तर पर विचार किया जाएगा |

iii) दिये गये पद्यांश के आधार पर लिखे गये उत्तर पर विचार |

iv) प्रश्न के आधार परलिखे गये उत्तर पर विचार किया जाएगा |

v) दिये गये पद्यांश के आधार पर लिखे गये उत्तर पर विचार |

7. निबंध - लेखन (10) (180 - 200 शब्दों में )

परिचय\ भूमिका , मुख्य बिन्दुओं का विस्तार से वर्णन , उपसंहार |

8. कहानी - लेखन | (10)

प्रश्न के आधार पर लिखे गये कहानीपर विचार किया जाएगा |

9.चित्र लेखन (10)

दिये गये चित्र को आधार बनाकर लिखे गये कहानी पर विचार किया जाएगा |